तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 22 जनवरी 2025


12 हम एक होकर चुनाव लड़ें, तो जीत निश्चित है : वोरा



10 पहली बार डिजिटल धरना-प्रदर्शन की तैयारी...





चुनाव : चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद ली राजनीतिक दलों की बैठक लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

# आदर्श आचार संहिता और निर्वाचन के नियमों का कड़ाई से पालन करें राजनीतिक दल व उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में चुनावी आचार संहिता लागू होने के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य आगामी चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू रूप से सम्पन्न करना था। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सभी दलों से चुनावी नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से नामांकन प्रक्रिया के दौरान सावधानी बरतने पर जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि नाम निर्देशन पत्र भरते समय उम्मीदवारों को सभी दस्तावेजों और सूचनाओं की पुनः जांच करनी चाहिए, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि न हो। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि सभी आवश्यक दस्तावेज सही और पूर्ण रूप से प्रस्तुत किए जाएं। बैठक में नामांकन के दौरान विभिन्न पदों के लिए जमा की जाने वाली डिपॉजिट राशि के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 15,000 रुपये और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 10,000 रुपये की राशि जमा करनी होगी। नगर पालिका पार्षद के लिए 3,000 रुपये और नगर पंचायत पार्षद के लिए 1,000 रुपये की राशि निर्धारित की गई है। अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिला उम्मीदवारों के लिए यह राशि आधी होगी। चुनावी खर्च की सीमा पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 8 लाख रुपये और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 6 लाख रुपये की सीमा निर्धारित की गई है। उम्मीदवारों को नामांकन से पहले बैंक खाता खोलना अनिवार्य होगा, जिसमें सभी चुनावी खर्चों का लेखा रखना होगा।



### नामांकन के दौरान जमा करना होगा

नगर पालिका अध्यक्ष - 15 हजार
नगर पंचायत अध्यक्ष - 10 हजार
नगर पालिका पार्षद - 3 हजार
नगर पंचायत पार्षद - 1 हजार

- नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए खर्च की अधिकतम सीमा - 8 लाख रूपए
- नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए खर्च की अधिकतम सीमा - 6 लाख रूपए

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में इन पदों के लिए मतदान

जिला पंचायत - 14 , जनपद पंचायत - 97, सरपंच - 425 पंच - 5565

### निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने की प्रतिबद्धता

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि प्रशासन की ओर से चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील की ताकि चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न हो सके।

### नगरीय निकायों में 171 व पंचायत चुनाव के लिए बनाए गए 1159 मतदान केंद्र

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 की घोषणा कर दी गई है। इसके साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। जिले के 1 नगर पालिका परिषद और 9 नगर पंचायतों में चुनाव होंगे। बेमेतरा नगर पालिका परिषद में 21 वार्ड और 36 मतदान केंद्र होंगे, जबकि नगर पंचायतों में 15-15 वार्डों के लिए 15-15 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। जिले में कुल 171 मतदान केंद्र होंगे। कलेक्टर ने यह भी बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत 14 जिला पंचायत, 97 जनपद पंचायत, 425 सरपंच और 5565 पंचों के लिए मतदान होगा। इन चुनावों के लिए कुल 1159 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। चुनाव प्रक्रिया को समयबद्ध और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है।

### मीडिया मॉनिटरिंग और व्यय निरीक्षण समिति का गठन

कलेक्टर ने बताया कि चुनाव के दौरान मीडिया कवरेज और चुनावी खर्चों की निगरानी के लिए जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन और अनुवीक्षण समिति एमसीएमसी का गठन किया गया है। यह समिति पेड न्यूज की शिकायतों की जांच करेगी और चुनाव प्रचार के विज्ञापनों को प्रमाणित करेगी। जिलाधीश ने बैठक के माध्यम से कलेक्टर ने सभी राजनीतिक दलों को चुनावी नियमों के पालन का संकल्प दिलाया और निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने की दिशा में प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग, एडीएम अनिल वाजपेयी, भारतीय जनता पार्टी से मोतीलाल (मोंटी) साहू, विकास घरडे, निखिल साहू, दीनानाथ साहू, संतोष वर्मा, राहूल शर्मा, देवेन्द्र कुमार वैष्णव, सनतधर दिवान, पिंकी नेमा और इंडियन नेशनल कांग्रेस से सुमन गोस्वामी, नवीन ताम्रकार, राजू साहू, सिध्दांत दिवान, मंजूलता रात्रे, रीना देवी साहू सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## सभी अधिकारी-कर्मचारी आदर्श आचरण संहिता का पालन करें



- समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा की कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक हुई। कलेक्टर ने नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन हेतु आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित करने के जारी निर्देशों के बारें में जानकारी दी । कहा कि आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने खासकर जिले के सभी एसडीएम से कहा कि जारी निर्देशों को पढ़ लें और उसका पालन करें। कलेक्टर ने नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र के लिए नियुक्त सेक्टर ऑफिसर्स का प्रशिक्षण कराने की बात कही। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि बिना अनुमति के अवकाश पर ना जाएं और ना ही मुख्यालय से बाहर जाएं। आचार संहिता नियमों का पालन करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने को कहा। उन्होंने अब तक के धान खरीदी और उठाव की जानकारी ली। बैठक में संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग ने निर्वाचन संबंधी जानकारी और प्रशिक्षण की तारीख के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कल 22 जनवरी को जिला पंचायत सभाकक्ष में सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण होगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, सहित जिले के सभी एसडीएम विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 को, दिलाई जाएगी मतदान की शपथ

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी निर्वाचनों में मताधिकार का प्रयोग करने मतदाताओं को शपथ दिलाई जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हर वर्ष 25 जनवरी को देशभर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस बार 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। आयोग ने शनिवार को अवकाश वाले राज्यों में अधिकारियों-कर्मचारियों को 24 जनवरी को सवेरे 11 बजे शपथ दिलाने के निर्देश दिए हैं। वहीं जहां शनिवार को अवकाश नहीं है, वहां 25 जनवरी को इसका आयोजन किया जाएगा। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन के लिए सभी विभागों के सचिवों, राजस्व मंडल बिलासपुर के अध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और कलेक्टरों को परिपत्र जारी किया है। परिपत्र में शनिवार को अवकाश वाले कार्यालयों में 24 जनवरी को सवेरे 11 बजे अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी शासकीय कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में सभी निर्वाचनों में मताधिकार का प्रयोग करने शपथ लेने की कार्यवाही की जाएगी।

### आदर्श आचरण संहिता लागू, निर्माण कार्यों पर लगा प्रतिबंध

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 की आधिकारिक घोषणा की गई। इस घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावी हो गई है। इसके तहत जिले में विभिन्न प्रशासनिक गतिविधियों और निर्माण कार्यों पर विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आदेशित किया कि आयोग के निर्देशों के अनुसार, घोषणा की तिथि के बाद जिले में कोई भी नया निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया जाएगा, यदि उन कार्यों के लिए कार्यादेश जारी हो चुका हो लेकिन स्थल पर वास्तविक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ हो। ऐसे कार्य अब निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ही प्रारंभ किए जा सकेंगे। हालांकि, यदि कोई निर्माण कार्य स्थल पर पहले से ही शुरू हो चुका है, तो उसे जारी रखने की अनुमति दी गई है। यह निर्देश चुनाव समाप्ति तक पूरे बेमेतरा जिले में लागू रहेगा। इस आदेश का मुख्य उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संपन्न करना है, ताकि किसी भी प्रकार की प्रशासनिक गतिविधि का दुरुपयोग चुनाव परिणामों को प्रभावित करने के लिए न हो सके। जिले के सभी विभागों को इस संबंध में सूचित किया गया है और सभी संबंधित अधिकारी इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करेंगे।

### जिले में 26 व 30 जनवरी को बंद रहेंगी मदिरा दुकानें

**बेमेतरा।** जिले में 26 और 30 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने एक पत्र जारी कर 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर एवं 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसरों पर जिले में स्थित समस्त देशी/विदेशी मदिरा दुकानें एवं मद्य भण्डारण भाण्डागार बंद करने के आदेश दिए हैं। जिलाधीश ने संबंधित आबकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारी से कहा है कि उक्त दिवस को अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में उपस्थित रहकर सुनिश्चित करेंगे कि क्षेत्र की सभी प्रकार की मदिरा दुकानें समयावधि के बाद बंद हो जाएं। उक्त दिनों में न तो मदिरा का विक्रय हो और न ही किसी भी प्रकार से मदिरा का संव्यवहार हो। शुष्क दिवस पर मादक पदार्थ की बिक्री की शिकायत प्राप्त होने पर उत्तरदायित्व का निर्धारण कर दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## यातायात पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस प्रशासन राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के मद्देनजर आमजनो को जागरूक करने जिले के विभिन्न हाट/बाजारों एवं ग्रामों, स्कूल, कॉलेजों में शिविर लगाकर यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत सोमवार यातायात पुलिस परपोड़ी के हाट/बजार में अंजोर रथ के माध्यम से यातायात नियमों के संबंध में जागरूक किया। हाट/बजार में ग्रामीण अंचल से आये आम जनों को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा एवं यातायात संबंधी नियमों से अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई। साथ ही ट्रैफिक सिंग्नल का पालन करने, दोपहिया वाहन पर 03 सवारी न बैठाने, हमेशा अपने लेन (साईड) पर ही चलने, दायें या बायें मुड़ते समय इन्डीगेटर का प्रयोग करने, सड़क पर वाहन चलाते समय सड़क के बायी ओर ही वाहन चलाने, ताकि सामने से आने वाले वाहन दायीं तरफ सरलता से जा सके, बीच सडक पर वाहन खडी न करने तथा गाड़ी चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग न करने की जानकारी दी गई । जेबरा क्रासिंग चौक-चौराहा को पार करने की नियमों की जानकारी व यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने एवं बिना लायसेंस के वाहन ना चलाने एवं उन्हें हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित कर यातायात नियमों के संबंध में बेनर/पोस्टर के माध्यम से जगरूक किया गया। इस दौरान प्रधान आरक्षक दुष्यंत ठाकुर, डामेश्वर राजपूत, अजय साहू एवं ग्रामीण अंचल से आये ग्रामवासी व अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।





## सीएमएचओ डॉ ध्रुव ने बच्चों को पिलाई विटामिन 'ए' सिरप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिले में शिशु संरक्षण माह का हुआ शुभारंभ

जिले में शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को चेतन सिंह वर्मा मातृ एवं शिशु अस्पताल बेमेतरा में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वाईके ध्रुव की उपस्थिति में विटामिन 'ए' सिरप पिलाकर इसकी शुरुआत की गई। कार्यक्रम में डॉ. शदर कोहाड़े, जिला टीकाकरण अधिकारी; डॉ. दीपक निराला, शिशु रोग विशेषज्ञ; जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री लता बंजारे; डॉ. स्वाती यदु, अस्पताल सलाहकार; नर्सिंग मेट्रन; और अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। साथ ही, गर्भवती व शिशुवती माताएं और लक्षयित आयु वर्ग के बच्चे भी कार्यक्रम का हिस्सा बने। इस अवसर पर डॉ. दीपक निराला ने उपस्थित शिशुवती माताओं और पालकों को विटामिन 'ए' सिरप पिलाने के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विटामिन 'ए' सिरप शिशुओं की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है और दृष्टि संबंधी समस्याओं को रोकने में सहायक होता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ध्रुव ने बच्चों को विटामिन 'ए' सिरप की पहली खुराक देकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इसके बाद, डॉ. शदर कोहाड़े और डॉ. दीपक निराला ने एक-एक कर उपस्थित बच्चों को विटामिन 'ए' सिरप पिलाई और आयरन फॉलिक एसिड सिरप का भी वितरण किया।





### कलेक्टर ने की स्वास्थ्य सेवाओं का निःशुल्क लाभ उठाने की अपील

जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि वे शिशु संरक्षण माह के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदान की जा रही समस्त निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उनकी देखभाल के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और प्रत्येक नागरिक को इसमें सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। शिशु संरक्षण माह के तहत सभी स्वास्थ्य सेवाएं, विशेषकर गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान, गर्भवती माताओं की जांच, और बच्चों का टीकाकरण, निःशुल्क प्रदान की जाएगी, जिससे जिले के बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### शिशु संरक्षण माह : 21 जनवरी से 21 फरवरी तक

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी कि शिशु संरक्षण माह के अंतर्गत अर्धवार्षिक विटामिन 'ए' अनुपूरक कार्यक्रम 21 जनवरी से 21 फरवरी 2025 तक जिले भर में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों और टीकाकरण सत्र स्थलों पर नियमित टीकाकरण दिवस (मंगलवार और शुक्रवार) को स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और मितानिनों द्वारा बच्चों को विटामिन 'ए' सिरप की खुराक दी जाएगी। इस अभियान ▶▶| शेष पेज 10 पर

रायपुर स्थित छत्रपति शिवाजी आउटडोर स्टेडियम में बेमेतरा जिला चैम्पियन

# स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा की सब जूनियर बलिकाओं ने जीती राज्यस्तरीय रग्बी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर स्थित छत्रपति शिवाजी आउटडोर स्टेडियम में किया गया जिसमें बेमेतरा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा की सब जूनियर बलिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बालिकाओं की टीम ने रायपुर को 30/0 और सरगुजा को 35/0 से और बालोद को 10/0 और फिर सेमीफाइनल में बेमेतरा की टीम ने सरगुजा को 20/0 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर बालोद की टीम को एकतरफा मैच में 10/0 से हराकर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन की बदौलत प्रथम स्थान प्राप्त किया। एक मर्तबा फिर यहाँ के खिलाड़ियों ने यह साबित कर दिया कि पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद का जीवन में विशेष महत्व है। खिलाड़ियों ने अपने गाँव हसदा अपने स्कूल तथा पूरे बेमेतरा जिले का नाम और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। सब जूनियर 15 वर्ष बालिका टीम में टिकेश्वरी कप्तान, श्रद्धा मरकाम, द्रोपत्ति निर्मलकर, प्रेमलता साहू, जानवी पाल, लावण्या ध्रुव, पिंकी निर्मलकर, भूमिका धीवर, ईशा निर्मलकर, रीना धीवर ने रग्बी प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व किया। वहीं, सब जूनियर बालक टीम सरगुजा को 30/0 से और महासमुंद को 15/10 से तथा वहीं दुर्ग को 20/0 से और फिर सेमीफाइनल में महासमुंद से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गई। सब जूनियर 15 वर्ष बालक टीम में मनीष कुमार, शिवम, सूर्या, नारायण, हर्ष, केवल, दीपांशु, आदित्य साहू, रवेंद्र मरकाम, सूरज शामिल था। जिसमें स्कूल के व्यायाम शिक्षक, लोकेश्वर राव, रामेश्वरी साहू तथा सीनियर खिलाड़ी आकाश वर्मा का विशेष योगदान रहा। विजयी खिलाड़ियों को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/हिंदी माध्यम के संस्था प्रमुख दुष्यंत कुमार परगनिहा तथा शिप्रा सरकार, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा ग्राम हसदा के वरिष्ठ जनों में संध्या परगनिहा, बलिराम धिवर अध्यक्ष शाला विकास समिति, सरपंच तेजस्विनी पवन डहरिया, आकाश वर्मा, पंकज वर्मा, अभिषेक, करण, आदित्य, कृष्णा, ताकेश्वर, दिलीप वर्मा, मानचंद निर्मलकर, संकुल समन्वयक दीपक आडिल ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। संस्था प्रमुख ने कहा कि यह खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम का फल है।






एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)



पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

# 4600 किलो पनीर जब्त, छापेमारी में गए अफसर घूस लेते कैमरे में कैद

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन टीम की बस स्टैण्ड और रेलवे स्टेशन पर सुबह छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश निर्मित पनीर भी खपाया जा रहा है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सुबह-सवेरे बस स्टैण्ड और रेलवे स्टेशन में छापेमारी कर लगभग 4600 किलो पनीर जब्त किया। अंदेशा है कि पनीर नकली है और इसे बिना दूध के तैयार किया गया है। छापेमारी के बाद जांच टीम पनीर रिसीव करने आने वाले मालिकों का इंतजार करती रही, मगर वे नहीं पहुंचे। दोनों स्थानों में मिले पनीर को जब्त कर लिया गया है। इधर, स्टेशन पर छापेमारी के दौरान एक अफसर सौदेबाजी करते कैमरे में कैद हो गया। खाद्य विभाग इसकी जांच कर रहा है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों और नकली पनीर का धंधा करने वालों की जांच कर रही है। बिरगांव और निमोरा में नए साल के पहले कार्रवाई कर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने नकली पनीर के मामले का खुलासा किया था। सोमवार को जांच टीम ने बस स्टैण्ड और रेलवे स्टेशन पर पनीर की बड़ी खेप पकड़ी। सुबह 8 बजे के करीब एक टीम ने भाठागांव बस स्टैण्ड के पार्सल यार्ड में दबिश दी। वहां पुणे से बस के माध्यम से भेजा गया करीब 53 पेटी पनीर बरामद किया गया। पनीर से संबंधित दस्तावेज मिलने के बाद मालिक के आने का इंतजार किया जाता रहा, मगर कोई इसे लेने नहीं पहुंचा। दूसरी टीम रेलवे स्टेशन के पार्सल गोदाम पहुंची, जहां ट्रेन के जरिए भोपाल से आया 40 पेटी पनीर जब्त किया गया। पनीर के इस खेप के मालिक के बारे में अभी पता नहीं चल पाया है। दोनों स्थानों पर जब्त पनीर 4600 किलो है, जिसे सीज किया गया है। उनके मालिकों के आने के बाद सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जाएगा। अंदेशा इस बात का है कि इस पनीर में भी दूध का इस्तेमाल नहीं किया गया है।



### तीस हजार के लालच में फंसा अफसर

नकली पनीर के अंदेशे पर रेलवे स्टेशन में छापेमारीकरने वाला एक अफसर 30 हजार रुपए के लालच में फंस गया। दरअसल पनीर जब्ती के बाद पार्सल गोदाम के बाहर पड़ी पानी बोतल की पेटी पर एफएसओ अहसान तिग्गा की नजर पड़ी। आरोप है कि बड़ी कार्रवाई से बचाने के लिए उसने 50 हजार की डिमांड की और मामला 30 हजार में सेट हुआ। अफसर सौदेबाजी करते हुए कैमरे में कैद हो गया। मामले की जानकारी होने के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक चंदन कुमार के मामले की जांच के निर्देश दिए और दोषी पाए जाने पर अफसर के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### पनीर की भारी खपत

राज्य में पनीर की खपत भारी मात्रा में होती है। त्योहार के साथ विशेष आयोजनों के दौरान खानपान में पनीर शामिल रहता है। शादी-ब्याह का सीजन शुरू हो चुका है, जहां पनीर की खपत बड़ी मात्रा में होगी। आशंका है कि बड़ा फायदा को देखते हुए होटल और केटरिंग से जुड़े कारोबारियों द्वारा दूसरे राज्यों से पनीर मंगाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगों, अनाथों के लिए सहायता राशि स्वीकृत

**रायपुर**। राज्यपाल रमेन डेका ने 16 जनवरी को अपने स्वेच्छानुदान मद से 18 संस्थाओं को 18 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। इसके अंतर्गत शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय अडावाल जगदलपुर जिला बस्तर, शासकीय श्रवण बाधितार्थ विद्यालय जावंगा गीदम जिला दंतेवाड़ा, शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय कांकेर, शासकीय बौद्धिक मंद बालिकाओं के लिए विशेष विद्यालय जिला नारायणपुर, शासकीय दृष्टि बाधितार्थ विद्यालय जिला जशपुर आदि के लिए सहायता राशि स्वीकृत की है।

### छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को दो पुरस्कार



**रायपुर**। कर्नाटक राज्य के बेलगाम में आयोजित इंडिपेंडेंट पॉवर प्रोड्युसर्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 25 वें रेगुलेटरी एंड पॉलिसी मेकर्स रिट्रीट में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (सीएसपीटीसीएल) को दो महत्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त हुए। इसे राज्य पॉवर कंपनियों के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह द्वारा प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला को प्रदान किया गया। भारत के राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेशों को मिलाकर कुल 35 राज्य भार प्रेषण केन्द्रों में से छत्तीसगढ़ के राज्य भार प्रेषण केन्द्र को आउटस्टेण्डिंग एचीवमेन्ट एवार्ड एवं द्वितीय इजीएस्ट एक्सेस टू ओपन एक्सेस संवर्ग में फर्स्ट रनर-अप का पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

## पेज 9 का शेष

### सीएमएचओ डॉ ध्रुव ...

के तहत शिशु स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गतिविधियों को सफलतापूर्वक संचालित किया जाएगा। गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर पोषण पुनर्वास केंद्र, जिला चिकित्सालय बेमेतरा में भर्ती किया जाएगा, जहां उन्हें पोषण आहार और संक्रमण के उपचार के लिए सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। गर्भवती माताओं की जांच और बच्चों का टीकाकरण भी नियमित रूप से किया जाएगा।

**मांग : पीड़ित बर्खास्त सहायक शिक्षकों ने की प्रमुख सचिव से बातचीत**

# पहली बार डिजिटल धरना-प्रदर्शन की तैयारी, आचार संहिता लगते ही हटाए गए निष्कासित बीएड शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

नौकरी से निकाले गए 2 हजार 900 बीएड शिक्षक अब डिजिटल मोड में धरना-प्रदर्शन करेंगे। नगरीय निकाय चुनाव के चलते आचार संहिता लगते ही उन्हें धरनास्थल से हटा दिया गया है। इसके बाद प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने फैसला लिया है कि वे सोशल साइट्स अकाउंट्स के जरिए लगातार अपना विरोध दर्ज कराते रहेंगे। फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, व्हॉट्सऐप सहित अन्य माध्यमों से वे अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे। सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर वे बीते 37 दिनों से धरने पर बैठे हैं। इस दौरान इन्होंने शासन के ध्यानाकर्षण के लिए पैदल मार्च, मुंडन, यज्ञ-हवन, जल समाधि, दण्डवत प्रणाम यात्रा, रक्तदान, सफाई अभियान आदि अनोखे तरीके अपनाए हैं।

■ इधर, सेवा-सुरक्षा के विषय में मुख्यमंत्री का आश्वासन

अब तक इन्हें सेवा-सुरक्षा हेतु कोई लिखित आश्वासन नहीं दिया गया, इसलिए उनके द्वारा अपने स्तर पर विरोध प्रदर्शन जारी रखने का निर्णय लिया है।



### देर रात छोड़ा गया धरना स्थल पर

रविवार को बर्खास्त बीएड योग्यताधारी शिक्षकों तथा अभिभावकों द्वारा सेवा-सुरक्षा की मांग को लेकर तेलीबांधा में अनुनय यात्रा निकालने का प्रयास किया गया था। पुलिस बल द्वारा यह यात्रा बीच में ही रोक दी गई। कई प्रदर्शनकारी शिक्षकों को पुलिस बल द्वारा बस तथा अन्य साधनों का प्रयोग करते हुए धरना स्थल से हटाया गया था। उन्हें रविवार मध्यरात्रि पश्चात पुलिस द्वारा धरना स्थल पर छोड़ा गया। इस दौरान महिलाओं ने पुलिस अधिकारियों को घेरकर उनसे दुर्व्यवहार को लेकर अपनी नाराजगी भी जाहिर की।

### 9 घंटे बाद बुलाया बातचीत के लिए

शिक्षकों के रविवार रात्रि लौटने के बाद नौ घंटे तक सड़क पर ही बैठने के बाद सोमवार को सहायक शिक्षकों की प्रतिनिधि टीम को अधिकारियों द्वारा वार्तालाप के लिए आमंत्रित किया गया था। बर्खास्त बीएड शिक्षकों ने शिक्षा सचिव की उपस्थिति में प्रमुख सचिव सुबोध सिंह से मिलकर अपनी व्यथा सुनाई। प्रमुख सचिव ने आचार संहिता के दौरान भी कमिटी के कार्यरत रहने तथा जल्द से जल्द समाधान निकालने का आश्वासन दिया।

### सीएम ने कहा- हम नहीं चाहते नौकरी से पृथक करना

इधर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी उक्त मामले पर बयान जारी करते हुए कहा कि हम नहीं चाहते कि किसी को नौकरी से पृथक किया जाए, हम बीएड योग्यताधारियों की बेहतरी ही चाहते हैं, इसलिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमिटी का गठन किया है। गौरतलब है कि डेढ़ साल नौकरी करने के पश्चात बर्खास्त शिक्षकों की मांग है कि कमिटी जल्द से जल्द उनके पक्ष में सकारात्मक समाधान निकाले तथा कमिटी की कार्यवाहियों में पारदर्शिता लाई जाए।

**अवैध संबंध का दुष्परिणाम**

# दंपति ने रिश्तेदार की हथौड़ा मारकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज:रायपुर



अवैध संबंध के चलते पति-पत्नी ने अपने दूर के रिश्तेदार के सिर पर हथौड़े से ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना रविवार देर शाम की है। घटना के बाद मौके पर पहुंची माना पुलिस ने आरोपी दंपति को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर फोरेंसिक एक्सपर्ट ने जांच की।

एक अन्य मामले में पिछले दिनों चरित्र संदेह के चलते पत्नी की सिर पर सीमेंट से भरी बाल्टी मारकर हत्या करने वाले हत्यारे पति को टिकरापारा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। संजय जांगड़े की हत्या के आरोप में पुलिस ने टेमरी शारदा विहार कॉलोनी निवासी करण बंजारे तथा उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, संजय का करण की पत्नी के साथ अवैध संबंध था। करण पेशे से राजमिस्त्री है। रविवार को संजय शराब के नशे में करण के घर पहुंचा। संजय को करण ने अपनी पत्नी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। इसके बाद दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ। विवाद के दौरान महिला ने भी अपने पति का साथ दिया। इस दौरान करण ने पास रखे हथौड़े से संजय के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। आसपास के रहवासी शोर सुन करण के घर पहुंचे तो उन लोगों ने देखा, संजय लहूलुहान मृत हालत में चित पड़ा था। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी।

### चरित्र संदेह पर पत्नी की हत्या, पति गिरफ्तार

कमल विहार में तीन दिन पूर्व 18 जनवरी को हेमलता के सिर पर सीमेंट से भरी बाल्टी मारकर हत्या करने के आरोप में टिकरापारा पुलिस ने महासमुंद पटेवा निवासी गजेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। गजेंद्र तथा उसकी पत्नी कमल विहार सेक्टर-4 में बन रहे ईडब्ल्यूएस मकान में मजदूरी करते थे। गजेंद्र की पत्नी लड़कों से बात करती थी। इस पर गजेंद्र ने अपनी पत्नी को पराए लोगों ने बात नहीं करने हिदायत दी थी। बावजूद इसके बात नहीं मानने पर गजेंद्र ने अपनी पत्नी के सिर पर सीमेंट से भरी बाल्टी से वार कर मौत के घाट उतार दिया।

# दूसरे राज्यों के एमबीबीएस छात्रों को मिलेगा मॉपअप राउंड में एडमिशन का मौका, 54 ने किया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के निजी और शासकीय मेडिकल कॉलेजों में पीजी की खाली सीटों पर एडमिशन के लिए मॉपअप राउंड के दौरान दूसरे राज्यों के एमबीबीएस छात्रों को भी मौका मिल सकेगा। इसके लिए 54 छात्रों ने आवेदन किया है। वहीं छत्तीसगढ़ के निवासी होने, मगर दूसरे राज्यों से पढ़ाई करने वालों की संख्या 135 है।

एनएमसी द्वारा एमडी-एमएमएस में एडमिशन के लिए परसेंटाइल में कटौती की थी। इस आधार पर पात्र उम्मीदवारों को राज्य की सीटों पर एडमिशन के लिए मॉपअप राउंड के दौरान ऑनलाइन आवेदन करने का मौका दिया था। सोमवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा नए और पुराने आवेदन के आधार पर मेरिट लिस्ट जारी की गई है, जिसमें 1085 उम्मीदवारों को शामिल किया गया है। मेरिट लिस्ट में 895 उम्मीदवार ऐसे हैं, जो छत्तीसगढ़ के रहवासी के साथ यहां के मेडिकल कॉलेज में यूजी की पढ़ाई की है अथवा राज्य में शासकीय सेवा में हैं। 135 ऐसे विद्यार्थियों ने राज्य के मेडिकल कॉलेज से चिकित्सा विशेषज्ञ की पढ़ाई करने के लिए आवेदन किया है, जो छत्तीसगढ़ के रहवासी हैं, मगर उनकी पढ़ाई दूसरे राज्यों अथवा अन्य देशों में पूरी हुई है। मॉपअप राउंड में उन उम्मीदवारों को भी मौका दिया गया है, जो न तो छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं और न उनकी पढ़ाई यहां के कॉलेजों में हुई है, ऐसे लोगों की संख्या 54 है।

संशोधित परसेंटाइल के साथ नीट पीजी की मेरिट लिस्ट जारी



### 31 ने मांगी एनआरआई सीट

परसेंटाइल में कटौती के बाद जारी की गई मेरिट लिस्ट में 15.928 नंबर वालों को मौका दिया गया है। दूसरे राज्यों के निवासी और अन्यंत्र पढ़ाई करने वाले जिन 54 उम्मीदवारों ने अपना आवेदन किया है, उसमें 31 लोगों ने निजी मेडिकल कॉलेज की एनआरआई सीटों का ऑप्शन रखा है। पुराने आवेदकों को मॉपअप राउंड के दौरान पुनः संस्था चयन करने का मौका भी दिया गया था।

### शीघ्र आवंटन और एडमिशन

सूत्रों का कहना है कि मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद खाली बची सीटों और मेरिट आधार पर आवंटन सूची जारी की जाएगी। इसके बाद दस्तावेजों की स्क्रूटनी के साथ एडमिशन भी दिया जाएगा। दूसरे राउंड की काउंसिलिंग होने के बाद शेष बची ज्यादा सीटें नॉन क्लीनिकल विषयों से संबंधित हैं।

# भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में शामिल हुए डॉ. रमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सोमवार को बिहार की राजधानी पटना में आयोजित 85वीं अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन में विधानसभा अध्यक्ष ने संवैधानिक मूल्यों को सशक्त बनाए रखने में संसद एवं राज्य विधान मंडलों के योगदान के विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. रमन ने कहा, स्वतंत्रता के बाद हमने संसदीय लोकतंत्र को अपनाया। सामान्य तौर पर यही कहा जाता है कि यह व्यवस्था हमने ब्रिटेन से ली है। लेकिन भारत में संविधान के आधार पर शासन भी अंग्रेजों की देन नहीं है, भारत में वैदिक काल से सभा, समिति एवं गण जैसी परामर्शदात्री संस्थाओं का अस्तित्व रहा है। भारत में महाजनपद काल में वज्जिसंघ भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करते थे। सभा और नगरम जैसी पंचायतें और म्युनिसिपल कॉरपोरेशन संस्थाएं भी संचालित रही। जनता ही इन संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करती थी। उन्होंने कहा, जिस पटना की भूमि पर यह सम्मेलन हो रहा वह पाटलिपुत्र की ऐतिहासिक भूमि है जहां महान मौर्य वंश की शुरुआत हुई।



### राष्ट्रपति मुर्मू से मिले स्पीकर डॉ. रमन विधानसभा में प्रबोधन के लिए दिया न्योता

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से सोमवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में शिष्टाचार मुलाकात की। डॉ. रमन ने छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश करने की जानकारी देते हुए राष्ट्रपति को राज्य के विकास और संस्कृति से अवगत कराया व छत्तीसगढ़ से जुड़े विभिन्न प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। डॉ. रमन ने राष्ट्रपति को आगामी अप्रैल माह में विधानसभा में प्रबोधन के लिए आमंत्रित किया।

**मकान में छिपाकर रखे 78 तोते जब्त**: रायपुर। पीसीसीएफ, राज्य वन उड़नदस्ता तथा रायपुर वनमंडल की संयुक्त टीम ने सोमवार को गोगांव रेलवे अंडरब्रिज स्थित शेख मोहम्मद के निवास पर दबिश देकर 78 नग अलग-अलग प्रजाति के तोते जब्त किए। रायपुर डीएफओ लोकनाथ पटेल के मुताबिक, शेख मोहम्मद के निवास से तोते बरामद किए गए हैं।

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह फरवरी का फार्मेट का प्रकाशन 20 जनवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 25 जनवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।


# आचार संहिता लागू, शस्त्र लाइसेंस निलंबित सात दिन के भीतर थाने में जमा करने होंगे

**रायपुर**। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव-2025 की घोषणा होते ही जिले में आचार संहित भी लागू हो गई। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आचार संहिता लागू होने पर जिले में लाइसेंसधारी शस्त्रों का लाइसेंस भी निलंबित कर दिया है। इस निलंबन के साथ लाइसेंस लेने वालों को अपने शस्त्र भी सात दिनों के भीतर थाने में जमा करने होंगे। जिले में दो हजार से ज्यादा लोगों को हथियार रखने का लाइसेंस जारी किया है। इसमें सरकारी और निजी बैंक, कंपनी सहित अन्य संस्थाओं के सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने वालों से लेकर नेता, सरकारी कर्मचारी समेत आम लोग भी शामिल हैं। आचार संहिता लागू होने के बाद सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने वालों को इस नियम में छूट दी जाती है। इसके लिए लिखित में उन्हें आवेदन देना होगा, वहीं सरकारी कर्मचारी, नेता सहित आम लोगों को हथियार जमा कराना अनिवार्य है।

### दो हजार से ज्यादा लाइसेंस जारी

जिले में दो हजार से ज्यादा लोगों को हथियार रखने का लाइसेंस जारी किया है। इसके तहत इन लोगों में जिन्हें हथियार अनिवार्य रूप से जमा कराना है, उन सभी को 7 दिवस के भीतर अपना हथियार थाने में जमा करना होगा। इस दौरान अगर कोई जिला, राज्य या देश से बाहर है तो उसे इसकी सूचना मोबाइल, मैसेज या ई-मेल सहित अन्य किसी भी माध्यम से देनी होगी।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


कलयुग सम्राट
राजसूय महायज्ञ
मूल मंत्र- ॐ नमो भगवते वासुदेवाय
1 जनवरी 2025 से 26 जनवरी 2025
प्रकृति, माया, शक्ति से निर्मित
सभी इनके आधीन है
॥ पितरों का भी हो जाता है मोक्ष ॥
यज्ञाहुति समय
प्रातः 11:00 बजे से
दोपहर 01:00 बजे तक
श्रीश्चते लक्ष्मीश्च पत्न्यावहोरात्रे पार्श्वे
नक्षत्राणि रूपमशिवनौ व्यात्तम् ।
इष्णन्निषाणामुं म इषाण।
सर्वलोकं म इषाण ।।२३।।
हे प्रभो ! श्रीदेवी और लक्ष्मी देवी ये आपकी पत्नियाँ हैं
दिन और रात्रि आपके पार्श्व हैं, नक्षत्र आपके रूप हैं, पृथ्वी, स्वर्ग
मुख विकास है। हमें आप प्यार करते हैं, इसलिए हमारा अभ्युदय
चाहोगे। मैं सर्वलोकात्मक हो जाऊँ ऐसी प्रार्थना है।
तीर्थराज देवि निकुंभला मंदिर व नगरी
निर्माण कार्य जिसमे 4 एकड़ मंदिर
7 एकड़ परकोटा 25 एकड़ परिसर भूमि
जिसकी लागत एक लाख
एक हजार करोड़ रुपये होगीं
इस उद्देश्य को लेकर संत श्री माताजी
है प्रीत जहाँ की रीत सदा
मैं गीत वहां के गाता हूं
भारत का रहने वाला हूँ
भारत की बात सुनाता हूँ...
विशेष
२६ जनवरी २०२५
उतार चढ़ाव बरा कड़ही
संत श्री माता जी
संस्थापक
तीर्थराज देवि निकुंभला
राजलक्ष्मी मंदिर
जय शक्ति आश्रम
ग्राम – निकुम, जिला – दुर्ग (छ.ग.)
कविता वासनिक
अनुराग धारा राजनांदगाव का
सांस्कृतिक कार्यक्रम
दिन-रविवार 26 जनवरी 2025
शाम 4:50 बजे से रात 11 बजे तक
तत्व तत्व से बनेगा तीर्थराज देवि निकुंभला धाम। एक दिन सारे जगत में होगा छत्तीसगढ़ का नाम॥
क्रमशः

